Synergy

BSES

BSES Yamuna Power Limited

मई – जून 2008

बिजली बचत पर बीवाईपीएल की नई पहलः बिजली ज्ञान अभियान

बिजली बचत को जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए बीएसईएस कृतसंकल्प है। उर्जा संरक्षण पर और जोर देते हुए बीवाईपीएल ने बिजली ज्ञान अभियान लॉन्च किया। इसे पूर्वी और मध्य दिल्ली के 500 से अधिक स्कूलों के हजारों छात्रों को लक्ष्य कर लॉन्च किया गया है।

इस पहल को हाल ही में दिल्ली के माननीय शिक्षा मंत्री श्री अरविंदर सिंह लवली ने दिल्ली सचिवालय के ऑडिटोरियम में लॉन्च किया। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के उर्जा मंत्री डॉ एके वालिया ने श्री अरविंदर सिंह लवली के साथ मिलकर बिजली ज्ञान सीडी रिलीज की। यह उर्जा संरक्षण पर एक शिक्षाप्रद ऑडियो–विजुअल सीडी है और बिजली ज्ञान अभियान एक महत्वपूर्ण अंग भी।

इस सीडी में एक ओर जहां बिजली गुल व उसके कारणों, बिजली की कमी और उसकी वजह, बिजली चोरी तथा उर्जा संरक्षण की आवश्यकता पर फोकस किया गया है, वहीं ग्लोबल वॉर्मिंग, कार्बन डायऑक्साइड के बढ़ते स्तर और अक्षय उर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन आदि पर भी चर्चा की गई है। फिल्म में इस बात को भी रेखांकित किया गया है कि रोजाना कुछ बातों पर अमल करने से उपर्युक्त में से कई चिंताओं से निपटा जा सकता है।

बहरहाल, इस पहल के तहत, बीवाईपीएल, स्कूलों में कई स्तरों पर क्विज का आयोजन भी करेगी। छह विजेताओं को शानदार पुरस्कार दिए जाएंगे।

महज 8 अंक दूर हैं हम, डायल कीजिए ... 39999808

बिल, मीटर, एन्फोर्समेंट, करप्शन, बिजली आपूर्ति और केसीसी से संबंधित आपकी तमाम जिज्ञासाओं और समस्याओं के समाधान के लिए आपको बस एक ही फोन नंबर– 39999808 याद रखने की जरूरत है।

हमारे नए स्टेट ऑफ द आर्ट कॉल सेंटर के फीचर ऐसे हैं जो उसकी दक्षता बढाएंगे और डाउनटाइम में भी कमी आएगी। टेलीफोन लाइनों की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी की गई है।

उपभोक्ताओं के और करीब

आपको बेहतर सेवाएं देने के लिए हमने अपनी सेवाओं का विकेंद्रीकरण कर दिया है और पूर्वी व मध्य दिल्ली के उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित जरूरतों को जल्द से जल्द हल करने के लिए कुल तीन सर्कल बनाए हैं। इन तीनों सर्कलों में प्रत्येक सर्कल के अपने बिजनेस और ऑपरेशन व मेंटेनेंस विभाग होंगे और उनका नेतृत्व डीजीएम या ऊपर के अधिकारी करेंगे।

सर्कल	यहां स्थित है	सर्कल इंचार्ज (ओएंडएम)	सर्कल इंचार्ज (बिजनेस)	डिविजन
दक्षिण–पूर्वी	कड़कड़डूमा	अनिल के श्रीवस्तव	पवन सी जैन	झिलमिल, मयूर विहार फेज 3, मयूर विहार फेज 1 व 2, कृष्णा नगर, लक्ष्मी नगर
उत्तर–पूर्वी	जीटी रोड, शाहदरा	प्रमोद दिवाकर	संजीव सेठ	जीटी रोड, नंदनगरी, यमुना विहार, करावल नगर
मध्य	गांधी मार्केट, मिंटो रोड	महादेव मल्होत्रा	प्रेम आर कुमार	चंदनी चौक, पहाड़गंज, शंकर रोड, दरिया गंज, पटेल नगर

सर्कलों को छोटे आकार में बांटने के पीछे मुख्य वजहें ये थीं :

तकनीकी व व्यावसायिक घाटे में और कमी लाना; बेहतर कस्टमर केयर सेवाएं पेश करना; उपभोक्ताओं से संवाद बढ़ाना व उसे बेहतर बनाना; जिम्मेदारियों का विकेंद्रीकरण और साथ ही, फील्ड में काम कर रहे कर्मियों को और अधिकार प्रदान करना, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं व जिज्ञासाओं का जल्द से जल्द समाधान हो

HINDUSTAN TIMES
NEW DELHI
MONDAY, APRIL 21, 2008
PAGE 9

बिजली बचाने की धार्मिक पहल

तिरूअनंतपुरम : इन गर्मियों में केरल को बिजली की किल्लत से बचाने के उद्देश्य से, पीक आवर्स के दौरान बिजली का जिम्मेदारी से उपयोग करने के संदेश को फैलाने के लिए, एलडीएफ सरकार और केरल राज्य विद्युत बोर्ड, धर्म प्रमुखों की सेवाएं ले रहे हैं।

इस बारे में मंदिरों, चर्चों और मस्जिदों के माध्यम से बिजली के दुरूपयोग को रोकने के लिए संदेश दिए जा रहे हैं। बिजली बोर्ड सूत्रों के मुताबिक, पिछले एक माह के दौरान ही 100 से 150 मेगावॉट बिजली बचत का अनुमान है।

बिजली मंत्री ए के बालन के एक प्रवक्ता ने बताया, हमने सभी धर्म प्रमुखों से संपर्क किया और उन्होंने इस विचार के प्रति सहयोगात्मक रवैया दिखाया। जाहिर है, उसके परिणाम काफी उत्साहवर्धक रहे हैं। केरल के कई चर्चों में, ईस्टर से पहले होली वीक के दौरान प्रार्थना से ठीक पहले बिजली से संबंधित संदेश पढ़े गए।

इसी तरह, मंदिर से संबंधित पर्वों के आयोजकों ने भी घोषणा और पर्चों के माध्यम से इस बात को उजागर किया कि बिजली के बहुत अधिक उपयोग को रोकना चाहिए।

संपादकीय टीमः कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस विभाग
अपने सुझाव और विचार इस पते पर भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस भवन, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली – 110 019
अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें – www.bsesdelhi.com